तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 दिसंबर 2024



10 श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे भक्त व रुक्मिणी...





12 पूर्व पीएम अटलबिहारी वाजपेयी ने सुशासन का...







।। बाबा ऊँ श्री शिव ।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर

सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन

जापानी तकनीक से युक्त मशीन
सोने की शुद्धता एवं कैरेट की जांच
निःशुल्क सोने की शुद्धता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय

नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना


## खबर संक्षेप

### जमाही में वार्षिक मड़ई का आयोजन होगा 27 को

**छुईहा बेलर।** युवा समिति ग्राम जमाही के तत्वावधान में ग्रामवासियों के मार्गदर्शन में मड़ई महोत्सव का आयोजन 27 दिसंबर शुक्रवार को किया जाएगा। इस मौके पर सुबह से ग्राम के इष्ट देव की पूजा से प्रारंभ होगा। वहीं दोपहर बाद से बैरक प्रदर्शन ,राऊत नाचा होगा। रात्रि कालीन मनोरंजन में जेवरा बसना छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम होगा।

### कुरूसकेरा में मड़ई मेला लगाया जाएगा 28 को

**सुरसाबांधा।** समीपस्थ ग्राम कुरूसकेरा में 28 दिसम्बर को ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य मंडई मेला का आयोजन किया जाएगा । क्षेत्र का पहला मड़ई होने से लोगों में काफी उत्साह है । उक्त जानकारी देते हुये ग्राम विकास समिति कुरूसकेरा के अध्यक्ष गिरधारी लाल तारक व उपाध्यक्ष थानूराम साहू ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर मड़ई मेला व नाचा का आनंद लेने अपील की है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कका भतीजा सराईपाली कोमाखान का कार्यक्रम होगा। ।

### मोटर सायकल फिसली तीन युवक हुए घायल

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग में शराब भट्टी के सामने बुधवार को मोटर सायकल सवार ने तेज वाहन को देखकर ब्रेक लगा दिया, जिससे हल्की बारिश होने के कारण वाहन फिसल गया। बाइक में सवार तीन युवक गिर गए, जिससे दो के पैर में तथा एक के कंधे में चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को इलाज के लिए गरियाबंद रिफर किया गया।

### दो लोगों को कुत्ते ने काटा मैनपुर अस्पताल पहुंचे

**मैनपुर।** क्षेत्र में इन दिनों आवारा



कुत्तों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। पथर्री निवासी बालमोती उम्र 50 वर्ष को कुत्ते ने काट लिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता को मैनपुर अस्पताल लाया गया। वही दूसरी ओर धान खरीदी केन्द्र जिड़ार के पास एक बच्चे को कुत्ता ने दौड़ाकर काटा, जिसका इलाज मैनपुर अस्पताल में किया गया।

# सहकार से समृद्धि कार्यक्रम में राज्य व केंद्र की योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सहकार से समृद्धि कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली में बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल हुए। कार्यक्रम में सरकारी समितियों के उन्नयन के संबंध में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में एनआईसी कक्ष गरियाबंद में सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ.उषा ध्रुव, सहायक संचालक मत्स्य आलोक वशिष्ठ, उपनिदेशक वेटरनरी डॉ.ओ.पी.तिवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी जुड़े।

**खास बातें**
- केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में हुआ कार्यक्रम
- जिले के अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से हुए शामिल




**ये रहे मौजूद**

ऑनलाइन कार्यक्रम में शिवेश मिश्रा नोडल अधिकारी गरियाबंद, डॉ.बी.पी. यादव वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के.चंद्राकर अतिरिक्त उपसंचालक पांडुका पशुधन विकास विभाग, मोहित राम गड़तिया स. वि. अ., रविन्द्र कुमार नायक स. वि. अ., सौरभ चंद्राकर मत्स्य निरीक्षक, एन. के. साहू सुपरवाइजर डीसीसीबी एवं किशनलाल साहू सुपरवाइजर डेयरी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जिले के नवगठित मत्स्य एवं दुग्ध सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित होकर कार्यक्रम से जुड़े। गरियाबंद जिले के अंतर्गत नव गठित मत्स्य सहकारी समिति रावड़, कोसमी (कसेरु) एवं दुग्ध

सहकारी समिति परसदाजोशी, मुड़ागाँव, कुरूद के अध्यक्ष एवं सचिव को सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ. उषा ध्रुव द्वारा पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही डॉ. ऊषा ध्रुव द्वारा जिले के सहकारी समितियों में संचालित सी.एस.सी केन्द्रों में सर्वाधिक ट्रांजेक्शन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्राथमिक क़ृषि साख सहकारी समिति गुंडरदेही को पुरस्कृत किया गया।

## कार्यक्रम : छत्तीसगढ़ में दिख रहा विकास डा. रमन की देन: सांसद

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी ने देश को जोड़ने का किया कामः डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने देश को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरूआत कर 50 हजार करोड़ दिया। पोखरण में परमाणु बम का विस्फोट कर दुनिया को दिखाया कि भारत एक शक्तिशाली देश है।

- विधानसभा अध्यक्ष डा. सिंह कौंदकेरा में सत्यमेव जयते ट्रेडर्स एवं राइसमिल के लोकार्पण में कार्यक्रम हुए शामिल

अंचल के कौंदकेरा में बुधवार दोपहर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व पूर्व सीएम डॉ. सिंह सत्यमेव जयते ट्रेडर्स एवं राइस मिल का उद्घाटन फीता काटकर करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ राज्य बनाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती भी है। इस शुभ अवसर पर यहां शुभारंभ हुए राइसमिल खूब फलेगा-फूलेगा यही हमारी शुभकामनाएं हैं। उन्होंने बताया कि मुंबई के समुद्र किनारे 1980 में जब भारतीय जनता पार्टी बनी तो वे भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता के हैसियत से शामिल हुए थे। उस अधिवेशन में अटल जी ने कहा था कि अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि 1980 के दशक में जब भारतीय जनता पार्टी बना तो पूरे देशभर में एक ही नारा लगता था अब की बारी अटल बिहारी। तब कांग्रेस पूछा करती थी कि कब आएगी आपकी बारी। तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने जिसे दुनिया ने देखा, ये है कार्यकर्ताओं की ▶▶|शेष पेज 10 पर




### आज जहां तक पहुंचा हूं, वह डॉ. सिंह की देनः विधायक रोहित

समारोह में मौजूद राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज मैं जहां तक पहुंचा हूं, वह डॉ. रमन सिंह की देन है। वे मेरे मार्गदर्शक और गुरूदेव है। मेरी ऊंगली पकड़कर सीढ़ी चढ़ाया। पूरा देश उन्हें चाऊर वाला बाबा के नाम से जानता है। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदेव साय का सुशासन की सरकार चल रही है। अभी दो दिन पहले कोपरा-पोखरा मार्ग के लिए 70 करोड़ रूपए की स्वीकृति सीएम विष्णुदेव साय ने दी है।

### रमन सिंह ने विकास के लिए किया कार्यः सांसद रूपकुमारी

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ का विकास देख रहे हैं, वह डॉ. रमन सिंह की देन है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के उन्नति और प्रगति के लिए दिन रात काम किया।आज हर गांव और हर घर में खुशहाली का वातावरण है। हर घर में चांवल का भंडार देखने को मिल रहा है यह सब रमन सिंह की देन है।

# केंद्रों से धान उठाव ठप, दो दिनों से खरीदी बंद



**रसेला।** क्षेत्र में धान खरीदी पर संकट गहराता जा रहा है। समय पर धान का उठाव नहीं होने से क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों में धान का बफर स्टॉक जमा हो गया है। इसके चलते समितियों में धान रखने के लिए जगह नहीं होने के कारण खरीदी बंद हो गई है। 23 दिसंबर से खरीदी बंद कर दी गई। 25 दिसंबर क्रिसमस डे की छुट्टी होने से आज तीसरा दिन होने को है। खरीदी बंद होने से वनांचल क्षेत्र के किसानों की परेशानी बढ़ गई है। केंद्र में पूर्व टोकन जारी हो चुका है। इसे लेकर किसान असमंजस की स्थिति में है। किसानों को समय पर धान नहीं बेच पाने की चिंता सता रही है। वनांचल के किसान प्रतिदिन धान की खरीदी शुरू होने के तारीख का पता करने पहुंच रहे हैं। रसेला केन्द्र में पहली बार उठाव नहीं होने से यह स्थिति निर्मित हुई है।

- खरीदी बंद होने से पहले 104 किसानों को जारी किया गया है टोकन

### मात्र 4360 क्विंटल धान का हो पाया है उठाव

ज्ञात हो कि रसेला उपार्जन केन्द्र में 23 दिसंबर को 53 किसानों का टोकन और 24 तारीख को 51 किसानों का टोकन जारी हुआ था। किसान अपना काम छोड़कर अधिकांश समय ▶▶|शेष पेज 10 पर

# प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सुशासन दिवस पर देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन औषधि केंद्र का पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने बुधवार को शुभारंभ किया। खोला गया। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा कि जरूरतमंदों को एमआरपी से 90 प्रतिशत कम तक दवाएं मिलेंगी। जेनरिक दवा सस्ती कीमत पर उपलब्ध कराने सरकार की बंद पड़ी महत्वपूर्ण योजना के तहत जन औषधि केंद्र का फिर से शुभारंभ हुआ। दवा व स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी सामग्री की ज्यादा वेरायटी इस केंद्र में ▶▶|शेष पेज 10 पर

- पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने किया




# सांसद बृजमोहन, विधायक इंद्रकुमार का सुंदरकेरा में आगमन कल

**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल 27 दिसंबर को दोपहर 2 बजे ग्राम सुंदरकेरा पहुंचेंगे। श्री अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में यहां विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक इंद्रकुमार साहू करेंगे। सरपंच किरण-चंद्रहास साहू ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, प्रहलाद वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव, जनपद सदस्य प्रेमीन साहू, पूर्व जनपद सदस्य नत्थूराम साहू और सुंदरकेरा सोसायटी के अध्यक्ष गोपाल साहू मौजूद रहेंगे।





# अटल परिसर का सीएम ने किया वर्चुअल भूमिपूजन



**फिंगेश्वर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती के अवसर पर अटल परिसर का भूमिपूजन कार्यक्रम नगर पंचायत परिसर में आयोजित किया गया। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अटल परिसर निर्माण का वर्चुअल भूमिपूजन किया। सुशासन दिवस पर अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर श्रद्धांजलि दी गई। अटल बिहारी अमर रहे के नारे लगाये गये। मंच मे उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये गये मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 10 पर

- नगर पंचायत में मना सुशासन दिवस

## खरीदी केन्द्रों में बारिश से बचाने धान को तिरपाल से ढंका गया

# बदली और बारिश के साथ दिनभर चली ठंडी हवा, जनजीवन अस्त- व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में मौसम का मिजाज एकदम बदल गया है। अचानक झमाझम बारिश और ठंडी हवा से जन जीवन अस्त- व्यस्त हो गया है। बुधवार सुबह अचानक मौसम ने करवट ली, नगर सहित पूरे क्षेत्र घने कोहरे और बदली से दिनभर ढका रहा। सूर्य के सुबह से ही दर्शन नहीं हुए वही ठंडी हवा के कारण लोग गर्म कपड़े पहने व नगर सहित ग्रामीण इलाकों के चौक चौराहों में जगह –जगह अलाव जलाकर तापते नजर आए। पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

- मैनपुर वनाचंल क्षेत्र घने कोहरे में डूबा
- ठंड से बचने जगह –जगह जल रहे अलाव

नगर सहित ग्रामीण इलाकों में सुबह से बूंदाबांदी के साथ क्षेत्र के कई इलाकों में झमाझम बारिश भी हो रही है। कही –कही तेज आंधी के साथ पानी गिर रहा है। इन दिनों धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी कार्य चरम पर है। धान खरीदी केन्द्रों में चारों तरफ धान रखा हुआ है। धान की बोरियों को सुरक्षित रखने के लिए सुबह से खरीदी केन्द्रों में पॉलीथीन से ढंकने का कार्य प्रारंभ किया गया। पूरे क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में धान को ढंका गया है।





### सुबह घना कोहरा और दस बजे के बाद बारिश

मैनपुर क्षेत्र में मौसम का मिजाज एकदम बदल गया है। सुबह घना कोहरा छाया हुआ था। दस बजे के बाद मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में लगातार बारिश की फुहार हो रही है। पूरा मौसम ठंडा हो गया। सुबह से आज बदली के कारण सूर्य के दर्शन नहीं हुआ है। लोग ठंड से बचने के लिए शाल, स्वेटर, मफलर,गर्म कपड़े से लदे नजर आ रहे हैं। नगर और ग्रामीण इलाकों के चौक चौराहों में जगह–जगह अलाव जला कर लोग आग तापते नजर आ रहे हैं।






हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### विधायक रोहित ने किसान सुकदेव को किया पुरस्कृत



**फिंगेश्वर।** ग्राम किरवई में कृषि विभाग द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कृषि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के आसंदी से विधायक रोहित साहू ने दलहन, तिलहन के साथ साथ जैविक खेती करने पर बल दिया था। इस अवसर पर अंचल के उन्नतशील किसान जो दलहन तिलहन एवं जैविक खेती करते हैं उन्हें पुरस्कृत किया गया। ग्राम बारूला के किसान सुकदेव साहू को जैविक खेती करने के लिए विधायक रोहित साहू ने शासन की ओर से पुरस्कृत किया।

### राजपुर में दो दिवसीय मानसगान 28 से

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय से 3 किमी दूर ग्राम राजपुर (जाड़ापदर) में 28 दिसम्बर से दो दिवसीय मानसगान का अयोजन किया गया है। इस मानसगान कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों द्वारा जोर–शोर से तैयारी की जा रही है। 27 दिसम्बर को कलश यात्रा निकाली जायेगी एवं मानस का स्थापना कर पूजा अर्चना की जाएगी। 28 दिसम्बर को मानस मंडली बिहझर महासमुंद, जयसिद्धेश्वर मानस परिवार तिल्दा रायपुर, विन्ध्वासिनी बालिका मानस परिवार बोर्रा बालौद, अंजनेय मानस परिवार बागबाहरा महासमुन्द एवं 29 दिसम्बर को मधुरिमा मानस परिवार बरोडा चौक महासमुंद, राजहंस मानस मंडली अम्बागढ़ चौकी राजनांदगांव, अर्चना आदर्श मानस परिवार बड़े करेली एवं श्रद्धा सुमन मानस परिवार कर्मापटपर ओड़िसा द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। दो दिवसी मानसगान को सफल बनाने आचार्य निर्भय प्रसाद पाण्डेय, अध्यक्ष छबीलाल नागेश, उपाध्यक्ष यशवंत फरस, सचिव बालचंद नेताम, केशव जोगी, कोषाध्यक्ष हरसिंह नागेश, संयोजक टीकम सिंह, जयसिंह, तामेश्वर, गैंदलाल, घनश्याम, महेश महेश, रमेश, देवलाल एवं संरक्षक लक्षिन्दर, लाल सिंह, जगन्नाथ, अभीराम, रामसिंह, खाम सिंह, चरण सिंह, भोलाराम, नरसिंह, सुखराम, जीत साय, जल सिंह एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा जोर–शोर से तैयारी की जा रही है। इस दौरान ग्राम पंचायत जाड़ापदर अन्तर्गत प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को सम्मानित भी किया जायेगा।

### मैनपुर क्षेत्र में खत्म हो रही जीर्रा भेंडा की पैदावार



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में जीर्रा भेंडा की पैदावार धीरे-धीरे कम होते जा रही है। ग्रामीण इस फल का उपयोग सब्जी, तेल और खट्टा के रूप में उपयोग करते हैं। किसी समय में सैकड़ों एकड़ में इसकी पैदावार देखने को मिलती थी, लेकिन अब खेतों के मेड़ों तक सिमट कर रह गया है।

# फणिकेश्वर नाथ कॉलेज में 8 महिला और 51 पुरुषों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

- महाविद्यालय और जिला ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

फणिकेश्वर नाथ महाविद्यालय तथा जिला ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में सिकलिंग, थैलेसीमिया एवं ब्लड कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए आई गिव विथ जॉय एंड द जॉय आई गिव इज अ रिवॉर्ड थीम पर एक दिवसीय स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में किया गया।

शिविर का शुभारंभ चिकित्सा विशेषज्ञ डा. वीबी अग्रवाल ने गया। इस शिविर में स्वयंसेवकों, महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं तथा स्टाफ के अलावा स्थानीय युवाओं और आमजनों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। महाविद्यालय में उपस्थित करीब 500 छात्र–छात्राओं को चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा रक्तदान के महत्व के संबंध में विशेष मार्गदर्शन दिया गया एवं 110 महिलाओं, 51 पुरुषों का स्वास्थ्य जांच की गई। 8 महिलाओं, 18 पुरुषों ने अपने स्वेच्छा से रक्तदान दिए, जो करीब 150 बच्चों एवं महिलाओं के जीवनरक्षक के लिए उपयोगी होगा। रक्तदान वीरों को जिला प्रशासन द्वारा प्रमाण–पत्र और कॉलेज बैग उपहार के रूप में प्रदान किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना, इंडियन यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब के समन्वयक डॉ. देवादास बंजारे ने कहा कि इतिहास बदलने के लिए मजबूत इरादा चाहिए। आप सभी स्वयंसेवकों की यह दृढ़ इच्छाशक्ति की प्रतिफल है, जो पहली बार महाविद्यालय के इतिहास में स्वैच्छिक रक्तदान प्रयोग सफल रहा। क्योंकि रक्तदान सभी दानों में श्रेष्ठ है।




इस रक्तदान शिविर में जिला संगठक रोमनलाल साहू, जिला चिकित्सालय गरियाबंद के लालजी साहू, सुश्री दामिनी साहू, सतरुपा चंद्राकार, कुंजीलाल नाग तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित दलनायक पुरुषोत्तम यादव, दल नायिका दुर्गा साहू, दिवा संगठक टोमेश्वरी व यश कुमार ध्रुव के अलावा नेमन साहू व सोहद्रा सिन्हा, सांस्कृतिक प्रभारी फनेश्वरी, लोकेश्वरी व भूमिका साहू सहित नीतू, चंद्रमुखी, खुशबू निषाद, भूमिका साहू, तेजेश्विनी, हेमलता साहू, मोनिका साहू, पायल साहू, मोना धृतलहरे, हेमशरण नेताम, आर्यन निलमर्कर, जीवराज, विनिशा साहू, ओम प्रकाश, ओंमकार, रेवत कुमार, नुतन साहू, मिनाक्षी उर्वशी, कामेश्वरी, कल्याणी यादव, लेखनी, शीतल सिन्हा, कृति सिन्हा, वर्षा साहू, कल्याण साहू, मोनिका साहू सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।


### श्रीमद्भागवत कथा से भक्तिमय हुआ रानीपरतेवा

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे भक्त व रुक्मिणी विवाह में हुए आनंदित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजनों के साथ झूम उठी पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं की भीड़। ग्राम रानीपरतेवा में यादव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई गई। कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल के भजनों के साथ झूम उठे। वहीं श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी कर मक्खन मिश्री के प्रसाद का भोग लगाकर वितरित किया। व्यास पीठ से कथावाचक पं. रत्नेश राममिलन पांडे ने कहा कि जीवन में जब भी भगवत नाम सुनने का अवसर प्राप्त हो, उससे विमुख नहीं होना चाहिए। भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब परमात्मा अवतार धारण कर धरती पर धर्म की स्थापना करते हैं।



**विभिन्न प्रसंगों पर सुनाई कथा :** कृष्ण जन्म की कथा के पूर्व भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने आदर्श स्थापित किया है, वह आज भी प्रासंगिक है। राम जन्म, ताड़का वध, राम विवाह, वनवास, रावण वध सहित राम राज्याभिषेक पर सुन्दर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि द्वापर में जब कंस के अत्याचार बढ़े तो श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर मुक्ति दिलाई।

श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक रत्नेश महाराज ने रास पांच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया।

**श्रीकृष्ण-रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को आनंदित किया**

भगवान श्रीकृष्ण रूखमणी के विवाह की झांकी ने व कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश हैं। कथा के दौरान आचार्य रत्नेश ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष से मिला संस्कृत शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल, पदोन्नति संबंधी रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से बुधवार को राजिम विधायक रोहित साहू ,सांसद रूपकुमारी चौधरी,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय की मौजूदगी में संस्कृत विषय के सहायक शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सर्किट हाऊस में मुलाकात की। इस अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधियों ने 3 माह पूर्व उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के बाद भी विभाग द्वारा आज पर्यंत पदोन्नति की कार्रवाई हेतु कोई पहल नहीं किए जाने पर डॉ. रमन सिंह को अपनी पीड़ा से अवगत कराया । शिक्षकों ने उच्च न्यायालय के युगल पीठ द्वारा पारित आदेश दिनांक 11.9.2024 को प्रस्तुत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि योग्यताधारी एवं पात्र सहायक शिक्षकों को संस्कृत शिक्षक के पद पर अविलंब पदोन्नति देने हेतु विभाग को निर्देशित करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त शिक्षक संघ के जिला सचिव नरेश साहू, संस्कृत विषय के पात्र सहायक शिक्षक सोमनाथ साहू एवं छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री सुभाष शर्मा शामिल थे।

# राजिम में रामकथा महोत्सव होगा कल से 3 जनवरी तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नगर के गोवर्धन पारा दुर्गा मंच में कल 27 दिसंबर से 3 जनवरी तक रामकथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रामकथा महोत्सव को लेकर आमंत्रण देने नगर पंचायत राजिम के पूर्व उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, पूर्व पार्षद सागर निषाद ,पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा ,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ,सुनील जैन ,हेमंत साहू ,कोमल वर्मा ,लक्ष्मण निषाद ,लक्ष्मी निषाद ,नोहर साहू ,मुरारी पटेल नगर भ्रमण कर रहे हैं। इसके साथ ही नगर के वरिष्ठजनों को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान कर राम कथा महोत्सव में शामिल होने का आग्रह भी कर रहे हैं। कथा वाचक पंडित रामसखा पांडे मैहर वाले है।



# वार्षिकोत्सव में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

**छुरा।** शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव मनाया गया। इसमें पूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया, जिसमें ख़ुमेश यदु 2018 में बीए में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त, खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, साथ ही एनएसएस से भी महाविद्यालय से जुड़े रहे थे, जिन्हें विधायक रोहित साहू ने सम्मानित किया।

# छन्नूराम बने बोरसी सोसायटी के अध्यक्ष

**फिंगेश्वर।** ग्राम बोरसी के प्राथमिक सहकारी संस्था में छन्नुराम साहू को प्राधिकृत अध्यक्ष बनाये जाने पर ग्राम के लोगों में हर्ष का माहौल है। लोगों ने सोसायटी में पहुंचकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर छन्नुराम साहू ने कहा कि राजिम विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर मुझे प्राधिकृत अध्यक्ष बनाया गया है, जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। मुझे किसानों की सेवा के लिए जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका मैं पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। इस अवसर पर भाजपा नेता बोधन साहू के अलावा संस्था के कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे।



# जिले में पहुंचा दंतैल हाथी, 10 गांवों को किया गया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में हाथी की आमद ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। अभी हाल ही में बागबाहरा और पिथौरा के गांवों में हाथी की दस्तक ने ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया था। अब एक सिंगल दंतैल हाथी सिरपुर जंगल में पहुंच चुका है। वन विभाग ने 10 गांवों के लोगों का हाथी से अलर्ट रहने को कहा है।

महासमुंद वन विभाग के अनुसार, बुधवार को एक हाथी दंतैल जो इस क्षेत्र में लगे फसल को नुकसान पहुंचाते हुए आगे बढ़ रहा है और निगम के कक्ष क्रमांक 442, 443, 173, 175, 176 के आसपास के जंगल में विचरण कर रहा है। हाई अलर्ट महासमुंद ग्राम बोरिद, पासिद, चुहरी, अमलोर, मरौद, रायकेरा, सुकुलबाय, नांदबारु, केशलडीह, तथा खिरशाली के आसपास के ग्रामीण सतर्क रहने को कहा है। महासमुंद फारेस्ट विभाग ने बताया कि हाथी महासमुंद और बलौदा बाजार के सीमा में विचरण कर रहा है। आसपास के ग्रामों में कोटवार द्वारा मुनादी करवा दी गई है। ग्रामीणों से जंगल न जाने, सतर्क रहने और हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देने की अपील की गई है।



### संतोषी मंदिर के पास नयापारा में शिवमहापुराण कथा का आयोजन

# शिव की पूजा और महिमा से होगा मानव समाज का कल्याण: सुनील

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय संतोषी मंदिर नयापारा में आयोजित शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिन प्रवचनकर्ता पंडित सुनील प्रसाद पांडेय ने भगवान शिव की पूजा और महिमा को समस्त मानव समाज का उत्थान और कल्याण का मार्ग बताते हुए श्रद्धालु श्रोताओं को बताया कि शिव की पूजा में हर समस्या का हल है। पूजा की महिमा का धर्मशास्त्रों में बहुत विस्तृत उल्लेख है।





शिव की पूजा, भक्ति और धर्ममार्ग का अनुशरण करना हमारे जीवन के सभी दुखों और विषम परिस्थितियों के हल और निवारण करने का सर्वोत्तम विकल्प है। पंडित सुनील पांडेय ने शिव महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि देवी देवताओं, हमारे पूर्वजों, माता पिता और गुरुओं का हमारे जीवन में विशेष प्रभाव होता है। इनकी पूजा और सेवा सुख, शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की मार्ग प्रशस्त करता है। शिव की महिमा अपरंपार है और उनकी भक्ति में इतनी शक्ति है, हम सभी शिवजी को देवों के देव महादेव के नाम से पुकारते हैं। शिव सृष्टि का सार और स्वयं आदि अनंत है। शिवपूजन से सारे विघ्नों का हरण और कष्टों का निवारण होता है, यही उनकी भक्ति की शक्ति है। पंडित सुनील पांडेय ने बेलपत्र की महिमा बताते हुए कहा कि शिवपूजा में बेलपत्र का विशेष महत्व है और महादेव बेलपत्र अर्पित करने से भी प्रसन्न हो जाते है, इसलिए उन्हें आशुतोष कहा जाता है। बेलपत्र में जुड़ी तीन पत्तियों को ब्रम्हा, विष्णु और महादेव का प्रतीक माना जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि समुद्र मंथन के समय जब भगवान महादेव ने विष पिया था, तब गले के जलन और विष का प्रभाव कम करने उन्हें बेलपत्र चढ़ाया गया था, तभी से शिव को बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई। भोलेनाथ की पूजा में कोई सामग्री न हो तो भी वो बेलपत्र मात्र से ही प्रसन्न हो जाते है। पंडित ने विश्वमोहिनी प्रसंग में बताया कि महर्षि नारद की तपस्या से इंद्रदेव अपने इंद्रलोक के छीन जाने के भय से कामदेव को भेजा। परंतु, वो सफल नही हुए। कामदेव की पराजय की बात नारद ने महादेव को बताई और विष्णु से भी कहा। विष्णु भगवान ने माया से एक नगरी का निर्माण किया और सौदर्य की प्रतिमूर्ति के रूप में विश्वमोहिनी के स्वयंवर की रचना की।

## पेज 9 के शेष

### पूर्व प्रधानमंत्री

ताकत। डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेते हुए कहा कि मोदी जी भी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होने पांच सौ साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराके देश और दुनिया को बता दिया है जिस सपना को श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने देखा था उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। डॉ. सिंह ने कहा कि वे 15 साल तक लगातार सीएम रहे,पार्टी ने उन्हें जो जवाबदारी दिया था उसे वह बखूबी निभाया। वे सीएम बनने के पहले केंद्र में मंत्री थे। उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा दिलाया और छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भेजा। वे हर जिम्मेदारी को सहर्ष स्वीकार किए। बताना चाहूंगा कि कार्यकर्ता की भूमिका सबसे बड़ी होता है। प्रारंभ में ओंकार साहू ने स्वागत भाषण दिया।

**ये थे उपस्थित :** कार्यक्रम में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू,चुन्नीलाल साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,साहू समाज के प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी ममता साहू,जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, लफंदी के सरपंच भाजपा नेता नेहरू साहू, जेंजरा के सोसायटी अध्यक्ष महेश साहू,लोकनाथ साहू, राजेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू, मकसुदन साहू,गणेश डहरिया, देवकी साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी,हीरामनी साहू,डॉ दिलीप साहू, इंदरमन साहू,तुकाराम तारक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### केंद्रों से धान उठाव ...

धान बेचने के लिए सोसायटियों में भटक रहे हैं। मालूम हो कि रसेला उपार्जन केन्द्र में अभी तक 43139.60 हजार क्विंटल की खरीदी हुई है, जिसमें मात्र 4360 क्विंटल का उठाव हुआ है। हालात काफी नाजुक हैं, किसान और फंड प्रभारी दोनों परेशान हैं। इधर मौसम ने सोसायटियों के कर्मचारियों की चिंता बढ़ा दी है। कल तो बूंदाबांदी भी हो रही थी। किसानों ने अधिकारियों से धान उठाव की व्यवस्था करने की मांग की है, जिससे आगे धान खरीदी सुचारू रूप से की जा सके।

### प्रधानमंत्री जन...

मिलेंगी। उन्होंने कहा कि साय सरकार सबके हितों का ख्याल रख रही है । इस केंद्र से गर्भवती माता से लेकर बच्चों तक के स्वास्थ्य से जुड़ी सभी दवा,इंजेक्शन 50 प्रतिशत से लेकर 90 फीसदी तक सस्ते दाम में उपलब्ध हो सकेंगी। आमजन इस योजना का ज्यादा ज्यादा से लाभ लें। इस अवसर पर नगर परिषद संचालन समिति अध्यक्ष अनिल बेहेरा, मंडल अध्यक्ष जगमोहन पटेल, भाजपा मंडल के कार्यकर्ता समेत बीएमओ प्रकाश साहू, स्वास्थ्य विभाग के कमलेश नागेश समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**निक्षय मित्र बनने की दिलाई शपथ :** अतिथियों ने स्वास्थ्य विभाग के योजना के तहत सुपोषण किट का वितरण किया। टीबी जैसे रोग के निदान के लिए जन सहयोग से चलाए जा रहे निकच्छय मित्र बनने लोगों को प्रेरित करने के साथ ही योजना में सहभागी बनने की शपथ दिलाई।

### अटल परिसर का...

राज्य का निर्माता बताया। नगर पंचायत फिंगेश्वर के दीनदयाल उपाध्याय गार्डन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की मूर्ति स्थापना किया जाएगा। अटलजी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार मना रही है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव,उपाध्यक्ष रूखमनी मांडले,भाजपा के वरिष्ठ नेता भागवत हरित पूर्व मंडल अध्यक्ष पूनम यादव,भूतपूर्व सरपंच एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवनंदन श्रीवास,नगर पंचायत फिंगेश्वर के सभी पार्षद गण अरुण साहू कमलेश यादव एवं पार्षद संतोष पुरी गोस्वामी,दीपक श्रीवास,बेनी सोनवानी नरेश लहरे,हेमा किरण सोनी,मंजूलता हरित एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## मंजू ध्रुव बनीं महिला कांग्रेस कमेटी जिला कार्यकरिणी की अध्यक्ष



**मुड़ागांव(कोरासी)।** महिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद फूलो देवी नेताम की अनुशंसा पर लोहझर सरपंच मंजू ध्रुव को महिला कांग्रेस कमेटी छुरा ब्लाक अध्यक्ष पद से गरियाबंद जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष पदमा दुबे ने प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी के समक्ष अपने इस्तीफा पत्र सौंप दी है, जिसके फलस्वरूप जिले में महिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष का पद रिक्त होने से संगठन को चलाने में परेशानी हो रही थी। उक्त विषय को लेकर पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष मंजू ध्रुव का नाम प्रस्तावित किया, जिससे महिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद फूलों देवी नेताम ने मंजू ध्रुव को गरियाबंद जिले के महिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकरिणी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। मंजु ध्रुव ने बताया कि जो दायित्व मुझे मिला उसे पूरे इमानदारी मेहनत लगन से निभाऊंगी। संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों के मार्ग दर्शन लेकर मजबूती प्रदान करने का प्रयास करूंगी। मंजू ध्रुव को जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष पद घोषित होते ही संगठन के सभी पदाधिकारियों ने मोबाइल बधाई दी जा रही है।

## दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह होगा 2 से

**कोपरा।** नगर पंचायत कोपरा के प्रगति चौक में 2 और 3 जनवरी को दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार, सत्संग कार्यक्रम में बाराबंकी उत्तरप्रदेश से संत निष्ठा साहिब और धमतरी छत्तीसगढ़ के पोटियाडीह आश्रम से साध्वी समष्टि साहिबा अपनी संत मंडली के साथ शामिल होंगी। गुरुवार दो जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे और अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक सत्संग होगा। इसी प्रकार 3 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे और अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक सत्संग में संत व साध्वी अमृतवाणी प्रस्तुत करेंगे। मानव जीवन के गूढ़ रहस्यों पर प्रवचन देंगे। भजन एवं प्रवचन से आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त करने का यह विशेष अवसर होगा। आयोजन समिति के सदस्य श्यामलाल निषाद, चेतन लाल साहू, लक्ष्मण साहू, प्रेमलाल साहू, नरोत्तम साहू, टॉनिक राम साहू, यादराम साहू, अशोक साहू, विश्राम साहू और पवन कुमार निर्मलकर ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

निधन

## सुखम देवी साहू



**नवापारा-राजिम।** नगर साहू समाज की वरिष्ठ सुखम देवी साहू उम्र 90 वर्ष का आज निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महानदी के बेलाही घाट मुक्तिधाम में हुआ। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज एवं मोहल्ले के लोग शामिल हुए। वे केदारनाथ साहू ,कमलनारायण साहू, पत्रकार लीलाराम साहू की मां थीं।

जयंती : भारतीय जनता पार्टी मंडल गरियाबंद ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

# भाजपाइयों ने बाजपेयी को अर्पित किया श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी मंडल गरियाबंद के तत्वावधान में शहर के अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। बुधवार को सुबह 12 बजे अटल चौक पर भाजपा कार्यकर्ता एवं नेता एकत्रित हुए। सभा का संचालन आसिफ मेमन ने किया। कार्यक्रम में वाजपेयी के राजनीतिक और सामाजिक जीवन से जुड़ी स्मृतियों और उनके योगदान को साझा किया गया।

जिला महामंत्री अनिल चंद्रकार ने कहा, अटल बिहारी वाजपेयी देशभक्ति और सुशासन के प्रतीक थे। उन्होंने 1998 में राजनीतिक अस्थिरता के बीच स्थिरता का मॉडल प्रस्तुत किया। आईटी व टेलीकॉम क्षेत्र में क्रांति लाते हुए देश को नई दिशा दी। उनका जीवन राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा, अटल जी ने मूल्य-आधारित राजनीति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को कार्य संस्कृति में बदलकर देश को विकास और सुशासन की नई राह दिखाई। उनके विचार और योगदान सदैव हमारे लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे। पूर्व जिला महामंत्री रिखीराम यादव और पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके ने वाजपेयी के भाजपा में योगदान और उनके नेतृत्व में हुए बदलावों पर विस्तृत चर्चा की। मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित प्रेरणादायक चर्चाएं हुईं। कार्यक्रम में गरियाबंद के अनूप भोंसले, फारुख चौधरी, घनश्याम सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, बिंदु सिन्हा, धनंजय नेताम, प्रहलाद ठाकुर, तनू साहू, सरला उईके, प्रकाश यादव, विनोद नेताम, प्रकाश सोनी, सूरज सिन्हा, यश मिश्रा, नमन सेन, सौरभ पांडेय सहित मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## अटलजी के बताए मार्ग पर चलकर राज्य सरकार कर रही कई योजनाएं संचालित

**रसेला।** ग्राम रसेला, पीपरछेडी, कुडेरादादर, कनसिघी, रूवाड, कोठीगाव, मेडकीडबरी, मुढीपानी, दादरगाव नया सहित ग्राम पंचायतों में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर सभी ग्रामों के अटल चौक पर अटल बिहारी वाजपेई जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई।



सुशासन दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए मलेवा अंचल रसेला के मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ का वास्तविक विकास पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना होने के बाद हुआ। अटल जी के बताए मार्ग पर चलकर राज्य की साय सरकार प्रदेशवासियों को प्रगति और समृद्धि के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर अपने उद्बोधन में कहा कि वाजपेयी ने देश के विकास के लिए अनेक योजना लागू की, जो कि वास्तव में विकास की मिसाल है। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा प्रदेशवासियों आज जिस तरह से विकास की ओर बढ़ रहे हैं, यह अटल जी की ही देन है। आज उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। दयाराम नागेश वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ने कहा कि वह एक राजनेता ही नहीं। बल्कि प्रखर वक्ता और कवि भी थे। इनकी कविताएं जन जन को प्रेरित करती है। युवा भाजपा नेता भुवेन्द्र मरकाम ने कहा कि अटल जी के एक प्रसिद्ध उदाहरण सरकार आएगी - जाएगी, मगर देश रहना चाहिए, का हवाला देते हुए कहा कि अटल जी ने आपातकाल के समय दमनकारी नीतियों का विरोध किया और लोकतंत्र को मजबूत किया। उन्होंने भाजपा की नींव को मजबूत किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके द्वारा किए गए देश हित के कार्यों को याद किया। इस दौरान ग्राम पटेल लोकराम यादव, भावसिह मरकाम, जगदीश यादव, भोजनायक, कृष्णा चक्रधारी, सगुन दास, उमेश मानिकपुर, कुलेश साहू, नंदूदास मानिकपुर, डगेश्वर सोरी, केशव यादव, कैलाश यादव, खेमचंद, अवध राम ठाकुर, चतुर्भुज साहू, तेजेश्वर साहू सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## भेण्डरी में भारत रत्न अटल का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के अटल चौक-स्मारक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।


इस अवसर सरपंच प्रीतराम देवांगन ने कहा कि श्री वाजपेई महान राजनीतिज्ञ और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता हैं। भारतीय जनता पार्टी के जन्मदाता थे। नीलकंठ सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना श्री वाजपेई जी की देन है, वे तीन बार प्रधानमंत्री बने। देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने में अटल जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

कार्यक्रम में सेवक राम बांधे उपसरपंच, हेमंत साहू सोसायटी अध्यक्ष, तिलक साहू, डॉ चुम्मन साहू, आनंद पटेल, राधे,ओंकार साहू ,भोला साहू, शिव साहू ,छबि विनायक सहित अनेको भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अटल के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



**राजिम।** भाजपा बूथ क्रमांक 235 व 236 पांडुका में भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं स्वर्ण जयंती को महोत्सव आयोजित कर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रमुख ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इसके साथ ही सुशासन स्थापित करने शासन-प्रशासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने एवं पारदर्शिता दिलाने के लिए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पांडुका मंडल उपाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा ,नागेन्द्र साहू शाला प्रबंधन एवं स्कूल समिति के अध्यक्ष ,केशव साहू ,खिलावन सिन्हा, ईश्वर साहू ,अशोक पटेल, सुधीर यदु, शिवाराम साहू, पवन पटेल, राजकुमार तारक, बाली पटेल ,बसंत चक्रधारी, कन्हैया चक्रधारी, लता तारक,फूलेश सिन्हा, ग्राम पंचायत पांडुका के सरपंच दुजेश्वर ठाकुर ,उपसरपंच भवानीशंकर सोनी ,सचिव रामगोपाल ध्रुव, सीताराम, नरेंद्र देवदास, कुशी सतनामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।



## देवदहरा जलप्रपात का मनोरम दृश्य...

**मैनपुर।** विकासखण्ड के उदंती अभयारण क्षेत्र के भीतर देवदहरा जलप्रपात का इस समय दृश्य बहुत मनोरम हो गया है। नये साल का आगमन नजदीक होने के कारण अभी से पर्यटकों की यहां भारी भीड़ लगने लगी है।

## श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए ब्रह्माकुमारीज के सैकड़ों सदस्य

**कोपरा।** नगर पंचायत कोपरा के ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। राजिम क्षेत्र में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रचारक कुरुसकेरा कोपरा निवासी बीके दीनदयाल साहू की पत्नी बीके दयावती की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में किरण दीदी, गरियाबंद सेवाकेंद्र प्रभारी बिंदु बहन, फिंगेश्वर सेवा केंद्र प्रभारी उमा बहन, छुरा से गायत्री बहन, कौंनदकेरा से बीके तारणी, देवभोग से ब्रह्माकुमारी बसंती बहन, अभनपुर सेभगवती, अमलीपदर से चंद्रकला, स्याम नगर से शीला, खड़मा सेवा केंद्र में ब्रह्माकुमारी अनसुईया, राजिम से बीके हेमा सहित जिले के समस्त सेवा केंद्रों के ब्रह्मावतस, सेवाकेंद्र प्रभारी व सदस्य गण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दयावती माता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में दीनदयाल साहू, निषाद दादा ग्राम पटैल, अवध राम साहू, झम्मन साहू, गोविंद यादव, प्रेमशंकर साहू, रामेश्वर साहू, लोकेश साहू, लखन साहू, अघनसिंह ठाकुर, हेमलाल यादव, दुमेश्वर नंदे सहित कोपरा नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## क्रिसमस पर हुई विशेष प्रार्थना, घरों में सजाए गए ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ अंचल में धूमधाम से मनाया गया पर्व

नगर में इसाई समाज द्वारा क्रिसमस का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया। समाज के लोगों ने घरों को बिजली की रोशनी से सजाया। घर–घर क्रिसमस ट्री लगाए गए। प्रभु ईशु का जन्म उत्सव पर विशेष प्रार्थना सभा हुई।



बाइबिल पाठ के साथ सुख समृद्धि सहित विश्व में अमन चैन की प्रार्थना की। अन्य समाज के लोग भी त्यौहार में शामिल होकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रमुख रूप से पास्टर नेलशन बाघमार, पास्टर भैयालाल, रामबती, टालस्टाय बाघमार, इलियाल बाघमार, संजय बाघमार, मनिश बाघमार, रूपेश बाघमार, विवेक बाघमार, सुधा बाघमार, देवकन्या, बिन्दुराय, अनिता राय, प्रियंका राय, अनुराधा, पूनम,लक्ष्मी बाघमार, अनामिका, ज्योति, जैकलीना, भव्य साहू, रितेश, आर्यन सौरभ, वीनीत बाघमार, आयुश, मनीश,एलेक्स राय, एलेन राय, सिमरन, विहान, केमरोन, अरूण बाघमार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

# गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों पर, 3 से 6 जनवरी तक होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गरियाबंद जिला मुख्यालय में 3 से 6 जनवरी तक आयोजित होने वाले राष्ट्र जागरण 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम की तैयारी में जुटे समयदानियों के जत्थे मैनपुर, देवभोग, राजिम, छुरा और फिंगेश्वर से पहुंच चुके हैं, जो आयोजन की व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं।





**कार्यक्रम स्थल की तैयारी :** कार्यक्रम स्थल पर 108 कुंडों का निर्माण पूरा हो चुका है। महिला मंडल की टीमें नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर निमंत्रण दिया जा रहा हैं। कलश यात्रा के लिए 1100 कलश यज्ञ स्थल पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, वहीं घर-घर कलश वितरण भी किया जा रहा है। करीब 3000 से अधिक महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी।

**विशेष झांकियां और संदेश :** कलश यात्रा में विभिन्न सांस्कृतिक झांकियां और युग-तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार का विशेष संदेश प्रसारित किया जाएगा। यह यात्रा भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण होगी। बाहर से आने वाले आगंतुकों के लिए आवास और भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है। जिला समन्वयक टीकम राम साहू ने बताया कि दो बड़े भोजनालय संचालित किए जाएंगे, जहां 4 दिन में करीब डेढ़ लाख लोगों को भोजन कराया जाएगा।

कार्यक्रम की विशालता को देखते हुए हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि यह महायज्ञ न केवल भव्यता का प्रतीक होगा, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जागरण का माध्यम भी बनेगा।

आयोजन की तैयारियों में जुटे सभी सदस्य कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जंगल धवलपुर में मड़ई मेले का आयोजन 28 को

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय से लगभग 11 किमी दूर ग्राम जंगल धवपुर में 28 दिसम्बर को मड़ई मेला आयोजित किया जाएगा। इस दौरान देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति, खुशहाली की कामना की जाएगी। रात में छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### विधायक ध्रुव ने बच्चों की मांग पर क्रिकेट किट कराया उपलब्ध

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय बाजार चौक के बच्चों ने पिछले दिनो बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव से मुलाकात कर क्रिकेट समाग्री उपलब्ध कराने की मांग की थी। विधायक जनक ध्रुव ने बच्चों को क्रिकेट किट उपलब्ध कराया है। विधायक ने बच्चों ने यह भी कहा किपहले पढ़ाई पर ध्यान दें। साथ ही खेलकूद भी करें। बच्चे विधायक से क्रिकेट किट पाकर काफी खुश नजर आए।

### शादी का प्रलोभन देकर किया शोषण, फिर सहमति के बाद किया शादी से इनकार

**महासमुंद।** शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले युवक ने जब शादी करने से इनकार किया तो युवती ने आत्महत्या कर ली। लेकिन, इस मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज हुआ। मिली जानकारी के अनुसार युवक को परिजनों ने रंगे हाथ पकड़ा और युवक ने ग्रामीणों के समक्ष शादी का वादा किया, लेकिन मौका देखकर युवक गांव से फरार हो गया। ग्रामीणों की बैठक में बेआबरू हुई युवती ने शर्मिंदगी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला जिले के तेंदुकोना थाना क्षेत्र के ग्राम धामनतोरी का है। जहां 26 अक्टूबर को अर्जुन पिता स्व ठाकुर राम नामक युवक ने स्थानीय युवती को शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण करता रहा। सुबह 5 बजे युवती के परिजनों ने उसे छिपकर भागते हुए पकड़ लिया।

## सुशासन दिवस: जिले में भारत रत्न व पूर्व पीएम अटल की स्वर्ण जयंती पर हुए विविध आयोजन

# पूर्व पीएम अटलबिहारी वाजपेयी ने सुशासन का जो सपना देखा था, उसे प्रदेश की विष्णुदेव सरकार कर रही है साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को जिले में सुशासन दिवस मनाया गया। जिले के विभिन्न पंचायतों में जनप्रतिनिधियों, आमजनों की उपस्थिति में अटल जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण कर सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव सुशासन दिवस के अवसर पर ग्राम कस और फुलकर्रा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों व अधिकारी-कर्मचारियों को जिले में सुशासन के उच्चतम मापदंड को स्थापित करने, शासन को पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण हेतु प्रयास करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जनपद सीईओ गरियाबंद अमजद जाफरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटलबिहारी वाजपेयी ने सुशासन का जो सपना देखा था, उसे प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार साकार कर रही है। सरकार उनके बताए गए आदर्शों और मूल्यों का अनुसरण करते हुए सर्वहारा समाज के विकास और प्रगति के लिए कृत-संकल्पित है। सुशासन दिवस के पूर्व सभी पंचायतों में अटल चौक की सफाई, पोताई, तैयारी एवं चौक दुरूस्तीकरण का कार्य किया गया था। इसके पश्चात आज सभी अटल चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थायी सूची एवं आवास प्लस में सूची का वाचन, विष्णु के सुशासन का वाचन सहित अन्य सरकारी योजनाओं का वाचन किया गया। साथ ही

■ गांवों में अटल चौक पर अटल स्तम्भ की पूजा-अर्चना की गई

हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल आदि के बच्चों द्वारा अटल जी की कविता का पाठन किया गया। ग्राम पंचायतों में कविता का पाठ करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इसके अलावा सुशासन दिवस पर निबंध, भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।



## पूर्व प्रधानमंत्री अटल की जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनी

**गरियाबंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाई गई। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष केसर निर्मलकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, सांसद प्रतिनिधि परस देवांगन, जिला कार्यकारिणी सदस्य केशव साहू और गायत्री परिवार के प्रतिनिधि टीकम साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं और उनके जीवन पर चर्चा से हुई। भुवनलाल श्रीवास ने अपनी स्वरचित कविताओं का वाचन कर अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। केसर निर्मलकर ने अपने संबोधन में अटल जी के आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान और उनकी कविताओं से प्रेरणा लेने पर जोर दिया। उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके ने अटल जी की विकासशील दृष्टि और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। सांसद प्रतिनिधि परस देवांगन ने अटल जी के तपस्वी जीवन और उनके प्रेरणादायक कार्यों का उल्लेख किया।



विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए भाषण, कविता, और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें बच्चों ने अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं का वाचन और उनके जीवन पर विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे उनकी प्रतिभा और प्रेरणा झलकी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए और अटल जी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी गई।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संस्था प्रमुख दीपक कुमार बौद्ध, प्रधान पाठिका नरगिस कुरैशी, और शिक्षक-शिक्षिकाओं में धर्मेंद्र कुमार मार्टल, पुरुषोत्तम लाल साहू, राकेश कुमार साहू, भेलेश्वरी कोमर्रा, देवमाया पाल, वागेश्वरी कुंजाम, त्रिलोचना साहू, योगिता सेन, केवरा ध्रुव, लोकेश, और हेमंत सिन्हा सहित अन्य सभी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## जयंती पर नगर में अटल परिसर का भूमिपूजन

**छूरा।** अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती पर अटल परिसर का भूमिपूजन किया गया। उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य देश में अच्छे शासन (गुड गवर्नेंश) की भावना को प्रोत्साहित करना और जनता को सरकार के प्रति अधिक जागरूक बनाना है। अतिथि के रूप में नगर पंचायत के अध्यक्ष ख़ोमन चंद्राकर, उपाध्यक्ष दिनेश रिंकू सचदेव, पार्षद भारती चुन्नी सोनी, चित्ररेखा ध्रुव, मीना चंद्राकर, रजनी लहरे एवं लीना दुबे समाजसेविका, पूर्व पार्षद देवशीर सिन्हा, राकेश शर्मा, रमेश जायसवाल, सरवर खान उपस्थित थे। सुशासन दिवस पर नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और निकाय के सीएमओ और सभी अधिकारी, कर्मचारी अटल जी के विचारों को आत्मसात करते हुए राज्यहित में कार्य करने का संकल्प लिए। इस उपलक्ष्य में सी टी सी 2023 में चयनित सार्वजनिक शौचालय छुरा के केयरटेकर को देखभाल में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मान किया गया और नमस्ते भारत के तहत सफ़ाई मित्र सुरक्षा कर्मचारियों को पी पी ई कीट वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल सिंह मरकाम, लेखापाल जितेंद्र पाटकर, सहायक राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, धनेश्वर नाग, मनोज दुबे, नामेश साहू, दीपक साहू, परमेश्वर सिंहा, कमलेश्वर सिन्हा, रमेश निर्मलकर, मेघराज यादव, दाऊलाल, वेदप्रकाश, रामलाल मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मिथलेश सिन्हा ने किया।



## कोसमबुड़ा में मनाई गई वाजपेयी की जयंती

**छुरा।** ग्राम पंचायत कोसमबुड़ा में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती अटल चौक में मनाई गई।इस मौके पर जनपद अध्यक्ष तोकेशवरी मांझी, सरपंच भोगेन्द्र ठाकुर, सचिव कृषलाल सिन्हा, समस्त पंचगण, बिहान समूह और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।



# देहारगुड़ा के अटल चौक में बच्चों को किया गया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखण्ड क्षेत्र में आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी के जयंती के उपलक्ष्य में सभी ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। विकासखंड मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत देहारगुड़ा में आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर सुशासन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम अटल चौक में अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर सरपंच श्रीमती डिगेश्वरी साण्डे एवं सुश्री श्वेता वर्मा सीईओ मैनपुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । हाई स्कूल देहारगुड़ा के छात्र–छात्रओं ने गीत, कविता व चित्रकारी कर प्रदर्शन किया। उसके पश्चात जनपद पंचायत मैनपुर के अधिकारीयों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के समस्त योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। सुश्री श्वेता वर्मा सीईओ जनपद पंचायत मैनपुर के द्वारा मुख्यमंत्री की पाती का वाचन किया गया। प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत मैनपुर सुश्री श्वेता वर्मा,सरपंच श्रीमती डिगेश्वरी साण्डे, सरपंच प्रतिनिधि लोकेश साण्डे, ग्राम प्रमुख राम प्रसाद दीवान, ठाकुर राम, कीर्तन,लीलाधर दीवान, गणेश,गोविंद पटेल प्राचार्य, चित्रसेन पटेल प्रधान पाठक, दिनेश साडिल, अतिरिक्त सीईओ, प्रणय साहू, तुलेश्वर साहू,विजय प्रकाश रात्रे, रेवती मनहरे, ललिता पटेल सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल मैनपुर ने अटल की जयंती पर किया श्रद्धा सुमन अर्पित

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में आज भाजपा मंडल ने भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती को अध्यक्ष संतोष यादव के नेतृत्व में ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदिनी नेताम, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, भारतीय जनता पार्टी आरटीआई प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रूपेश साहू , भाजयुमो जिला मंत्री तुलसी राठौर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुमारी बाई पटेल, नीतू ध्रुव ,कमला पांडे ,यशोदा पांडे, बाबूलाल साहू , विशेसर सिक्का , महेंद्र सोनी , चौनू राम ,राम जी मरकाम,दिनेश शर्मा ,नंदकिशोर चौबे,मोहन कुशवाहा, दाऊ लाल,हेमंत साहू श्रवण नेताम ,उपेंद्र साहू राजाराम नेताम ,लखन गिरी गोस्वामी, नरेश सोनवानी, जनक लाल यादव, निमेष सिन्हा , सुजान सिंह राजपूत घनश्याम साहू मीरा यादव ,सतन यादव, रविशंकर नागेश, सुरेश यादव, लक्ष्मण ध्रुव सहित अन्य उपस्थित रहे।









